**संख्या-85/2015/3933/71-2-15-18/2012**

**प्रेषक,**

**संजय कुमार उपाध्याय,**
**संयुक्त सचिव,**
**उ0प्र0 शासन।**

**सेवा में,**

**1 महानिदेशक,**
**चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण,**
**उ0प्र लखनऊ।**

**2 निदेशक**
**डा0 रा0म0लो0 आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान,**
**गोमतीनगर, लखनऊ।**

**चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-2** **लखनऊ: दिनांक 28 अक्टूबर, 2015**

**विषयः- वित्तीय वर्ष 2015-16 में अनुदान संख्या-31 के अंतर्गत मानक मद-20-सहायता अनुदान-सामान्य (गैर वेतन) में असाध्य रोगों के नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु धनराशि की स्वीकृति के सम्बन्ध में।**

---

**महोदय,**

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या-54/2015/वी0आई0पी0-08/71-2-15-18/2012 दिनांक 02 जून, 2015 तथा शासनादेश संख्या-79/2015/3417/71-2-15-18/2012 दिनांक 23 सितम्बर, 2015 के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2015-16 में असाध्य रोगों की नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराये जाने हेतु प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष अवशेष धनराशि से रू0 9,50,00,000/- (नौ करोड पचास लाख मात्र) की धनराशि निम्नलिखित संस्थाओं/मेडिकल कालेजों को उनके नाम के सम्मुख अंकित धनराशि की सीमा तक स्वीकृत किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

| क्र0 | संस्था का नाम | धनराशि (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | डा0 रा0म0लो0 आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान, गोमतीनगर लखनऊ। | 400.00 |
| 2 | मेडिकल कालेज, गोरखपुर। | 250.0 |
| 3 | हृदय रोग संस्थान, कानपुर। | 300.00 |
| | योग- | 950.00 |

1. अवमुक्त की जा रही धनराशि बैंक/डाकघर/पी0एल0ए0 में नहीं रखी जायेगी। धनराशि का आहरण आवश्यकतानुसार करते हुए व्यय नियमानुसार सुनिश्चित किया जायेगा।
2. उत्तर प्रदेश में असाध्य रोगों के नि:शुल्क उपचार हेतु नियमावली- 2013 (यथासंशोधित) में निहित व्यवस्था का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।
3. संस्थान का यह दायित्व होगा कि रोगी के उपचार का समस्त व्यय वहन करने तथा उसकी प्रतिपूर्ति/समायोजन शासन द्वारा आवंटित बजट की सीमा तक ही करेंगे एवं किसी एक वित्तीय वर्ष की लम्बित धनराशि अगले वित्तीय वर्ष में अग्रेनीत नहीं की जायेगी।
4. अवमुक्त की जा रही धनराशि का व्यय उसी मद में किया जायेगा, जिसके लिए धनराशि स्वीकृत की जा रही है, किन्ही अन्य मद में धनराशि का व्यय अथवा व्ययावर्तन वित्तीय अनियमितता होगी।
5. उक्त मद में अगली किश्त तभी निर्गत की जायेगी जब उनके द्वारा पूर्व निर्गत धनराशि तथा वर्तमान में निर्गत धनराशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र तथा लाभार्थियों की सूची (नाम, पता एवं मोबाइल नम्बर सहित) उपलब्ध करायी जायेगी।

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

6. वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-2/2015/बी-1-925/दस-2015-231/2015 दिनांक 30 मार्च, 2015 में उल्लिखित दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

2- धनराशि को कोषागार से संबंधित वित्त नियंत्रक/अधिकारी द्वारा आहरित किया जायेगा तथा बिलों पर महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ के प्रतिहस्ताक्षर प्राप्त किये जायेंगे।

3- उक्त व्यय वित्तीय वर्ष 2015-16 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-31-चिकित्सा विभाग (चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण) के लेखाशीर्षक-"2210-चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य पर पूंजीगत परिव्यय-आयोजनागत-03-चिकित्सा,शिक्षा,प्रशिक्षण तथा अनुसंधान-105-एलोपैथी-0368-असाध्य रोगों के इलाज हेतु नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा-20-सहायता अनुदान-सामान्य(गैर वेतन)" के नामे डाला जायेगा।

4- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या- ई-3-दस/1369/2015 दिनांक 23 अक्टूबर, 2015 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

( संजय कुमार उपाध्याय )
संयुक्त सचिव।

संख्या-85/2015/3933/(1)/71-2-15-तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद ।
2. वित्त नियंत्रक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, जवाहर भवन उ0प्र0 लखनऊ।
3. राजकीय मेडिकल कालेज/हृदय रोग संस्थान, कानपुर।
4. संबंधित वित्त अधिकारी/वित्त नियंत्रक
5. संबंधित कोषाधिकारी (लखनऊ/गोरखपुर/कानपुर)
6. वित्त ई-3/नियोजन अनुभाग-4/ (आय-व्ययक)-2।
7. स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग उ0प्र0 लखनऊ।
8. प्रभारी अधिकारी, एन0आई0सी0, छठा तल, योजना भवन।
9. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

( नीलेश कुमार सिंह )
अनु सचिव।

http://shasanadesh.upnic.in

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।